खबर कोना

पहाड़गंज के थोक व्यावसायिक केंद्र में लगी आग, छह लोगों को बचाया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 सितंबर।

पहाड़गंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक थोक व्यावसायिक केंद्र में आग लगने से हड़कंप मच गया। हादसे के वक्त इमारत के अंदर मौजूद छह लोगों की जान पर बन आई, लेकिन समय रहते पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। सभी फंसे हुए लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। घटना की जानकारी पुलिस को रात करीब 2:06 बजे मिली, जिसके बाद तत्काल स्थानीय पुलिस और दमकल की सात गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। इमारत ई-ब्लाक में स्थित है, जहां देर रात अचानक आग भड़क उठी। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकलकर्मियों ने संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया।
मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वल्सान ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पता चला कि छह लोग अंदर फंसे हुए हैं, जिनमें एक चौकीदार और पांच मजदूर शामिल थे। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

बदरपुर में जर्जर इमारत ढही, कोई हताहत नहीं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 सितंबर।

बदरपुर थाना में शनिवार दोपहर एक पुरानी इमारत ढह गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हादसा के बाद पुलिस की पीसीआर, दमकल विभाग, एम्बुलेंस और अन्य सभी आवश्यक उपकरणों को मौके पर बुलाया गया और बीएसईएस की ओर से बिजली आपूर्ति काट दी गई। बदरपुर पुलिस थाना पुलिस को दोपहर करीब 1:35 बजे सूचना मिली थी कि बदरपुर बार्डर बायपास के पास एक इमारत के ढह गई है। दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने शनिवार को बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस की टीम बदरपुर में इंदिरा नर्सरी के पास घटनास्थल पर पहुंची, जहां भूमिगत तल वाली चार मंजिला एक पुरानी इमारत जर्जर हालत के कारण ढह गई। उन्होंने बताया कि अन्य सभी आवश्यक सुरक्षा कदम उठाए गए और अब तक किसी भी प्रकार की चोट या जान-माल की हानि की सूचना नहीं मिली है।

बाढ़ के पानी के कारण बिलों से बाहर निकल रहे जलीय जीव-जंतु

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 सितंबर।

राजधानी में बाढ़ का पानी बढ़ने के कारण जंगली जानवर अपने बिलों से बाहर निकल रहे हैं और रेंगने वाले जीव असामान्य जगहों पर नजर आने लगे हैं। मेट्रो स्टेशन से लेकर दफ्तरों और रिहायशी इलाकों तक के लोग इस मानसून में वन्यजीव बचावकर्मियों को मदद के लिए लगातार फोन कर रहे हैं। वन्यजीव संरक्षण संगठन वाइल्डलाइफ एसओएस ने कहा कि मयूर विहार-1 मेट्रो स्टेशन के कर्मचारियों ने पैंट्री क्षेत्र में एक गोह (मानिटर छिपकली) को देखा और सहायता के लिए संपर्क किया। संगठन की रैपिड रिस्पान्स यूनिट मौके पर पहुंची और गोह को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने के बाद उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके बाद उसे छोड़ने की तैयारी की गई। वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्तिक सत्यनारायण ने कहा कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण रेंगने वाले जीव अपने प्राकृतिक वास से बाहर आ जाते हैं और सूखी जगहों की तलाश में इंसानों के बीच पहुंच जाते हैं। गोह बिल्कुल हानिरहित और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जरूरी प्राणी हैं।

दो दोस्तों की गोली मारकर हत्या

वारदात के बाद फरार हुए हमलावर, घंटों सीमा विवाद में उलझी रही पुलिस

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 सितंबर।

दिल्ली के हर्ष विहार थाना क्षेत्र के प्रताप विहार इलाके में शुक्रवार रात दो दोस्तों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की शिनाख्त सुधीर उर्फ बंटी (35) और राधे प्रजापति (30) के रूप में हुई है।

दो मोटरसाइकिल पर आए पांच-छह आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया और वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दिल्ली का इलाका बताकर अपना पल्ला झगड़ने लगी। वहीं दिल्ली पुलिस के अधिकारी एरिया लोनी का बता रहे थे। करीब दो घंटे तक सीमा विवाद चलता रहा। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों के दखल के बाद हर्ष विहार, दिल्ली में मामला दर्ज कर लिया गया। शुरुआती जांच के बाद हत्याकांड में लोनी के दो सगे भाइयों व उनके साथियों के नाम सामने आ रहे हैं।

> *हत्याकांड* में लोनी के दो सगे भाइयों व उनके साथियों के नाम सामने आ रहे हैं। *गुरुवार* को जमानत पर बाहर आया था बंटी।

दरअसल, 27 अगस्त को दोनों दोस्तों का आरोपियों से किसी बात पर विवाद हो गया था। कुछ लोगों का कहना है कि पार्किंग को लेकर कहासुनी के बाद दोनों ओर से गाली-गलौज हो गई थी।

तीन दिन पहले इस संबंध में लोनी शनि बाजार में दोबारा इनका झगड़ा हुआ, मारपीट के बाद दोनों ओर से मामला दर्ज कराया गया था। राधे व बंटी के भाई कुलदीप को जमानत पर रिहा कर दिया गया, जबकि बंटी जेल चला गया। गुरुवार को वह जमानत पर बाहर आया और शुक्रवार को बंटी व राधे की हत्या कर दी गई। उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि सुधीर उर्फ बंटी अपने परिवार के साथ प्रताप नगर, हर्ष विहार में रहता था। इसके परिवार में मां शकुंतला देवी, तीन भाई कुलदीप, विजय और अजय व एक बहन हैं। चारों भाइयों का ई-रिक्शा पार्किंग के अलावा शटरिंग का काम है। वहीं राधे के परिवार में कोई नहीं है। वह बंटी के साथ ही रहता था।

शुक्रवार रात को वह राधे, कुलदीप के साथ पार्किंग में मौजूद था। इस बीच दो मोटरसाइकिल पर पांच-छह युवक वहां पहुंचे। उनमें से दो आरोपी मोटरसाइकिल से उतरे और राधे व बंटी पर गोलियां चला दीं। दोनों को कई गोली लगी। कुलदीप ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। बदमाशों के जाने के बाद परिजन दोनों को जीटीबी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान दोनों ने देर रात दम तोड़ दिया। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

रामलीला व दुर्गा पंडाल के लिए 1200 यूनिट मुफ्त बिजली देगी दिल्ली सरकार

जनसत्ता संवाददता
नई दिल्ली, 6 सितंबर।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आगामी त्योहारों के मौसम से पहले शनिवार को रामलीला और दुर्गा पंडाल समितियों की मदद के लिए कई उपायों की घोषणा की। इन उपायों में मुफ्त बिजली, एकल खिड़की (सिंगल-विंडो) प्रणाली के जरिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) और बेहतर नागरिक सुविधाएं शामिल हैं।

रामलीला समितियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार 1,200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देगी, जबकि केवल 25 फीसद सुरक्षा राशि जमा करने पर मीटर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी रामलीला और दुर्गा पंडाल समितियों के लिए यह खुशखबरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम स्थलों पर शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, एंबुलेंस और दमकल गाड़ियों जैसी सार्वजनिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। प्रशासनिक अड़चनों को दूर करने के लिए सरकार विभिन्न सेवाओं के वास्ते एनओसी एकल खिड़की प्रणाली के जरिए जारी करेगी, जिससे आयोजकों को विभिन्न विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

सेनाओं की तस्वीर वाले आमंत्रण पत्र छपेंगे

दिल्ली की सबसे बड़ी रामलीला मंच 'लव-कुश रामलीला समिति' ने इस बार भी आयोजन को भव्य और नया रूप देने की पूरी तैयारी कर ली है। इसके तहत लाल किले स्थित आयोजन स्थल पर इस बार सोमनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाई जाएगी और भगवान राम, सीता तथा लक्ष्मण की जगह थल सेना, वायु सेना और नौसेना की तस्वीरों वाले आमंत्रण पत्र छापे जाएंगे। रामलीलाओं का आयोजन 22 सितंबर से तीन अक्तूबर तक किया जाएगा।

यमुना नदी का जलस्तर घटा, बीमारियों का प्रकोप बढ़ा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 सितंबर।

यमुना नदी का जलस्तर अब घटने लगा है लेकिन अब बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जल जनित बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। प्रभावित इलाकों में लगे चिकित्सा शिविरों में मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

मयूर विहार फेस-1 में स्थापित चिकित्सा शिविर में बीते तीन दिनों के आंकड़े इसकी गंभीरता को दर्शाते हैं। चार सितंबर को जहां 190 मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। वहीं पांच सितंबर को यह संख्या बढ़कर 217 हो गई। शनिवार को यह आंकड़ा और भी अधिक बढ़ गया, जब कुल 225 मरीजों ने शिविर में पहुंचकर इलाज करवाया। आपदा प्रबंधन पूर्वी विभाग, सेवा भारती से जुड़े महेश राजपूत ने बताया कि इस शिविर में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चिकित्सकों की टीम मौजूद रहती है। शिविर में आने वाले अधिकांश मरीज पैरों में दर्द व सूजन, आंखों में जलन-सूजन, बुखार, उल्टी-दस्त जैसी बीमारियों से पीड़ित हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ का पानी जमा होने और साफ-सफाई की व्यवस्था न होने के चलते यह बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। राजपूत ने बताया कि राहत शिविर में रहने वाले लोगों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। दो सितंबर को जहां महज 60 परिवार राहत शिविर में पहुंचे थे। वहीं तीन सितंबर को यह संख्या 150 हो गई। चार सितंबर को बाढ़ का पानी खादर क्षेत्र में घुसने के बाद यह आंकड़ा 275 परिवारों तक पहुंच गया।

मयूर विहार पुल के नीचे शरण लिए लोगों के बीच मच्छरों से बचाव के लिए धुआं फैलाता निगम कर्मचारी।

बाढ़ से बच्चे व बुजुर्ग सबसे अधिक परेशान

राहत शिविर में अपने बच्चे का इलाज करवाने के लिए आई सविता ने बताया कि बाढ़ के कारण छोटे बच्चों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। जहां एक ओर बच्चे उल्टी दस्त से परेशान हैं। वहीं, दूसरी ओर बच्चों को पीने के लिए दूध नहीं मिला रहा है। वहीं, बुजुर्ग दिगपाल ने बताया कि उनके पैर में पिछले दो दिनों से सूजन और दर्द है। इस कारण वह चल नहीं पा रहे हैं।

यमुना अभी भी खतरे के निशान से ऊपर

दिल्ली में पुराने रेलवे पुल के नीचे यमुना नदी का जलस्तर शनिवार को कम होकर रात आठ बजे 205.98 मीटर पर पहुंच गया। जलस्तर के घटने के साथ राजधानी के कई इलाकों में पानी करीब दो-तीन फूट तक घटा है। लेकिन अब भी यमुना नदी खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर बह रही है। वहीं, शनिवार शाम चार बजे जलस्तर 206.19 मीटर था। दिल्ली में चेतावनी का निशान 204.50 मीटर, जबकि खतरे का निशान 205.33 मीटर है। जलस्तर 206 मीटर पर पहुंचने के बाद नदी के आसपास रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाता है।

बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए पांच करोड़ की वित्तीय सहायता की घोषणा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 सितंबर।

दिल्ली सरकार ने पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए 5 करोड़ रुपए की सहायता राशि देने का एलान किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार बाढ़ प्रभावित राज्य की कोई भी अन्य सहायता करने के लिए तैयार है।

गुप्ता ने बताया कि उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बातचीत की और उन्हें भरोसा दिलाया कि दिल्ली, पंजाब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए हर संभव सहायता देने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम दिल्ली सरकार की ओर से पंजाब के मुख्यमंत्री राहत कोष में पांच करोड़ रुपए की सहायता की घोषणा कर रहे हैं और मैं राज्य के इस गंभीर हालात से जल्द उबरने की कामना करती हूं। पंजाब इस समय पिछले कई दशकों की सबसे भयानक बाढ़ का सामना कर रहा है। हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण सतलुज, ब्यास और रावी नदियों का जलस्तर बढ़ने और बरसाती नालों के उफान पर आने की वजह से यह बाढ़ आई है। एक अगस्त से चार सितंबर तक राज्य के 14 जिलों में कुल 43 लोगों की जान जा चुकी है।

पंजाब के मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया ने शुक्रवार को बताया कि अब तक 21,929 लोगों को जलमग्न इलाकों से निकाला जा चुका है, जबकि 196 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जहां 7,108 प्रभावित लोगों ने शरण ली है। राज्य के 18 जिलों में कुल मिलाकर 1.72 लाख हेक्टेयर भूमि पर फसलें बर्बाद हो चुकी हैं।

वजीरपुर पुल से गिरा युवक

नई दिल्ली, 6 सितंबर (संवाददाता)।

वजीरपुर फ्लाईओवर से शनिवार सुबह गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 6:22 बजे हुआ, जब रणजीत नगर निवासी जिलानी (26) फ्लाईओवर से डिपो क्षेत्र में गिर गया।

हादसे में जिलानी को हाथ और कमर में चोटें आई हैं और उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही उप-निरीक्षक जितेंद्र राणा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

punjab national bank
...the name you can BANK upon!
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, नोएडा, एसएच-12, प्रथम तल, गामा शॉपिंग सेन्टर-गामा-1, ग्रेटर नोएडा-201308, जिला गौतम बुद्ध नगर,
ई-मेल : cs8290@pnb.co.in

शुद्धि पत्र

दिनांक 04.08.2025 को इस समाचार पत्र में छपे विज्ञापन ई-नीलामी सूचना के संदर्भ में आम जनता सूचित किया जाता है कि खाता उधारकर्ता-स्प्रिंग लीफ बायोटेक (क्र.सं. 4) की सम्पत्ति की ई-नीलामी दिनांक 25.09.2025 को होनी प्रस्तावित है, के मामले में सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य रू. 503400/- के स्थान पर संशोधित आरक्षित मूल्य 5034000/-पढ़ा जाए। शेष खाते / विवरण पूर्वानुसार रहेंगी।

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

EaseMyTrip.com
Bharat ka Travel App

ईज़ी ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड
[CIN: L63090DL2008PLC179041]
पंजीकृत कार्यालय: 223 FIE पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली पूर्वी दिल्ली DL 110092 | दूरभाष: +91-11 43030303, 41066546
वेबसाइट: www.easemytrip.com | ईमेल आईडी: emt.secretarial@easemytrip.com

17वीं वार्षिक आम बैठक ("AGM") की सूचना एवं ई-वोटिंग संबंधी जानकारी

यह सूचित किया जाता है कि ईज़ी ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड ("कंपनी") की 17वीं वार्षिक आम बैठक ("AGM") सोमवार, 29 सितम्बर 2025 को अपराह्न 04:00 बजे (IST) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("VC") या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ("OAVM") के जरिए आयोजित की जाएगी, ताकि AGM की सूचना ("नोटिस") में उल्लिखित कार्यों का लेन-देन किया जा सके। AGM की कार्यवाही कंपनी के पंजीकृत कार्यालय से आयोजित मानी जाएगी, जो AGM का वर्चुअल स्थल होगा।

कंपनी अधिनियम, 2013 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (MCA) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 9/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 और इस संबंध में जारी अन्य परिपत्रों, SEBI मास्टर परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/PoD2/CIR/P/2023/120 दिनांक 11 जुलाई 2023, SEBI परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 7 अक्टूबर 2023, 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024 तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा इस संबंध में जारी अन्य परिपत्रों और SEBI (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एवं डिस्क्लोज़र रिक्वायरमेंट्स) विनियम, 2015 (समय-समय पर किए गए संशोधनों सहित) के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाली वार्षिक रिपोर्ट ("वार्षिक रिपोर्ट") सहित AGM की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजी गई है, जिनके नाम शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 तक डिपॉजिटरी द्वारा संधारित सदस्यों/लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज हैं और जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी/रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट/डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ पंजीकृत हैं। AGM की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट का इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण सदस्यों को शनिवार, 06 सितम्बर 2025 को पूर्ण कर लिया गया है। AGM की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की सॉफ्ट कॉपी कंपनी की वेबसाइट www.easemytrip.com, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् BSE लिमिटेड (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (www.nseindia.com) पर भी उपलब्ध होगी।

ई-वोटिंग के लिए कट-ऑफ तिथि दूरस्थ ई-वोटिंग या AGM में ई-वोटिंग के लिए पात्रता निर्धारित करने हेतु कट-ऑफ तिथि शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025 तय की गई है। कंपनी के वे शेयरधारक, जिनके नाम इस तिथि को सदस्यों/लाभकारी स्वामियों की सूची में दर्ज होंगे, वही ई-वोटिंग के माध्यम से (चाहे दूरस्थ ई-वोटिंग हो या AGM के दौरान ई-वोटिंग) नोटिस में उल्लिखित प्रस्तावों पर मतदान कर सकेंगे। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि को शेयरधारक नहीं है, उसे यह सूचना केवल जानकारी के लिए माननी चाहिए। मतदान अधिकार कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में होंगे।

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

(a) नोटिस में उल्लिखित विषयों पर निर्णय दूरस्थ ई-वोटिंग या AGM में ई-वोटिंग के माध्यम से किया जा सकता है।

(b) दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि निम्नानुसार होगी:

प्रारंभ: शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025, प्रातः 9:00 बजे (IST)

समापन: रविवार, 28 सितम्बर 2025, सायं 5:00 बजे (IST)

(c) रविवार, 28 सितम्बर 2025, सायं 5:00 बजे (IST) के बाद दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी और उक्त अवधि समाप्त होने पर NSDL द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

(d) जिन शेयरधारकों ने AGM से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान किया है, वे AGM में VC/OAVM के जरिए भाग ले सकते हैं, किंतु दोबारा मतदान नहीं कर सकेंगे।

(e) AGM के दौरान भी ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध होगी और VC/OAVM के जरिए AGM में उपस्थित वे सदस्य, जिन्होंने दूरस्थ ई-वोटिंग नहीं की है और जिन्हें अन्यथा मतदान से रोका नहीं गया है, वे AGM के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।

(f) किसी प्रस्ताव पर एक बार सदस्य द्वारा मतदान किए जाने के बाद, उस मतदान में संशोधन या परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

AGM की सूचना में ई-वोटिंग तथा VC/OAVM के माध्यम से AGM में सम्मिलित होने की विस्तृत प्रक्रिया प्रदान की गई है, जिसमें उन सदस्यों के लिए भी प्रक्रिया सम्मिलित है जिनके पास भौतिक/डीमैट स्वरूप में शेयर हैं और जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, ताकि वे दूरस्थ ई-वोटिंग या AGM में ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान कर सकें। कंपनी ने अतिरिक्त सुविधा भी प्रदान की है जिसके माध्यम से सदस्य अस्थायी रूप से अपना ईमेल पता पंजीकृत कर सकते हैं, लिंक पर क्लिक करके click here ताकि AGM की सूचना, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त कर सकें एवं नोटिस में वर्णित प्रस्तावों पर मतदान कर सकें।

यदि कोई प्रश्न हो तो शेयरधारक www.evoting.nsdl.com की डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध "प्रश्नोत्तर (FAQs)" और "ई-वोटिंग यूज़र मैनुअल" का संदर्भ ले सकते हैं या 022-4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं अथवा evoting@nsdl.com पर पल्लवी म्हात्रे को अनुरोध भेज सकते हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि AGM की सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ें, विशेषकर AGM में सम्मिलित होने तथा दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा AGM में ई-वोटिंग द्वारा मतदान करने की प्रक्रिया संबंधी निर्देशों को।

ईज़ी ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड की ओर से
एसडी/-
प्रियंका तिवारी
समूह कंपनी सचिव और मुख्य अनुपालन अधिकारी

दिनांक: 06 सितम्बर 2025
स्थान: दिल्ली

स्पाइसजेट लिमिटेड
सीआईएन: L51909DL1984PLC288239
पंजीकृत कार्यालय : इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, टर्मिनल 1डी, नई दिल्ली 110 037, भारत
दूरभाष: +91 124 391 3939 फैक्स: +91 124 391 3844
वेबसाइट: www.spicejet.com

30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणाम

स्पाइसजेट लिमिटेड ("कंपनी") के निदेशक मंडल ने सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुपालन में शुक्रवार, 5 सितंबर, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन तथा समेकित) ("परिणामों") को स्वीकृति दी।

मेसर्स कल्याणीवाला एंड मिस्त्री एलएलपी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा जारी सीमित समीक्षा रिपोर्ट सहित परिणाम, कंपनी की वेबसाइट www.spicejet.com तथा स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध हैं।

एतद्वारा हम सेबी लिस्टिंग विनियमन के विनियमन 47 के अनुपालन में सूचित करते हैं कि निम्नलिखित क्विक रिस्पॉन्स (क्यूआर) कोड को स्कैन करके भी इसे एक्सेस किया जा सकता है:

कृते स्पाइसजेट लिमिटेड
हस्ता./-
चंदन संद
सीनियर वीपी (वैधानिक) तथा कंपनी सचिव

स्थान: गुरुग्राम
तिथि: 05 सितंबर, 2025